**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 968**

**सोमवार, 2 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

# रोजगार मेले का उद्देश्य

**968. श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्री अमर शरदराव काले:**
**श्री संजय दीना पाटिल:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रोजगार मेला पहल के प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं तथा सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या को किस प्रकार दूर करने की योजना बना रही है;

(ख) कार्यक्रम के शुरू होने के बाद से रोजगार मेला आयोजनों द्वारा प्रदान किए गए रोजगारों की अनुमानित संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य या उद्देश्य निर्धारित किए हैं तथा इन लक्ष्यों को किस सीमा तक प्राप्त किया गया है;

(घ) स्थायी रोजगार तथा रोजगार चाहने वालों के लिए दीर्घकालिक लाभ के रूप में रोजगार मेले के प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र राज्य में रोजगार मेला आयोजित करने की योजना बना रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पहल की मुख्य विशेषताएं तथा उद्देश्य क्या हैं तथा इसे किस प्रकार कार्यान्वित किया जाएगा; और

(च) सरकार किस प्रकार यह सुनिश्चित करेगी कि रोजगार मेला विशेष रूप से ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों में अधिकतम संख्या में बेरोजगार युवाओं तक पहुंचे तथा उन्हें लाभ पहुंचाए?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (च): माननीय प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय रोजगार मेले का शुभारंभ किया। यह युवाओं के बीच रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की

प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेले के अंतर्गत केन्द्र सरकार में रिक्त पदों को संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा मिशन मोड में भरा जा रहा है। भर्ती सभी मंत्रालयों / विभागों / केंद्रीय सार्वजनिक निकायों / शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों में, सीधे या निर्दिष्ट भर्ती एजेंसियों के माध्यम से पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीकी-सक्षम तरीके से, देश के युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए आकांक्षी जिलों, ब्लॉकों और दूर-दराज के क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में हो रही है। महाराष्ट्र राज्य सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 45-50 शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर अब तक कुल 13 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं और कई लाख नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। इस मेले से रोजगार और स्वरोजगार सृजन को आगे बढ़ाने और युवाओं को लाभकारी सेवा के अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की अपेक्षा है।

*****